दिनांकः 13.04.2025 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- राज्य सरकार ने डेटा सेंटर पॉलिसी 2025 लागू की–अगले पांच सालों में बीस हज़ार करोड़ रुपये के निवेश की संभावनां
- केन्द्र और राज्य सरकार की 25 स्कीमों को फ्लैगशिप कार्यक्रम घोषित किया गयां
- राज्य में बीती रात कई स्थानों पर आंधी और बारिश का दौर चला–नागौर, दौसा और करौली में कई जगह ओले गिरें
- सर्वोच्च न्यायालय ने कहा–राज्यपालों द्वारा राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए भेजे गए विधेयकों पर राष्ट्रपति को तीन महीने के भीतर फैसला करना चाहिएं

000

राज्य सरकार ने निजी क्षेत्र में डेटा सेंटर्स की स्थापना को प्रोत्साहित करने के लिए डेटा सेंटर पॉलिसी 2025 लागू की हैं इस नीति से अगले पांच सालों में बीस हजार करोड़ रुपये के निवेश की संभावना हैं बजट घोषणा की अनुपालना में ये नीति लायी गयी हैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विश्व स्तरीय डेटा सेंटर इको सिस्टम विकसित कर राज्य को डेटा सेंटर स्थापित करने पर जोर दिया हैं डिजिटल युग में शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और मनोरंजन के क्षेत्र में आईटी की भूमिका बढती जा रही हैं इसके साथ ही पारदर्शी और जवाबदेह सुशासन देने में भी ई गवर्नेंस और ऑनलाइन सेवाओं में महत्वपूर्ण योगदान हैं डेटा सेंटर सेक्टर को प्रोत्साहित करने के लिए दस वर्षों तक दस से बीस करोड रुपये वार्षिक एसेट क्रिएशन इंसेंटिव दिया जाएगां सौ करोड रुपये से अधिक निवेश करने वाले तीन डेटा सेंटर्स को 25 प्रतिशत अतिरिकत अनुदान मिलेगां इसके साथ ही कई तरह की छूट भी दी जाएगीं नई नीति में पर्यावरण संरक्षण और कर्मचारियों की क्षमता संवर्धन पर भी जोर दिया गया हैं

000

प्रदेश में केन्द्र और राज्य सरकार की 25 स्कीमों को फ्लैगशिप कार्यक्रम घोषित कर दिया हैं इसके साथ ही अब इन स्कीमों की निगरानी सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय करेगां इन स्कीमों को लागू करने वाले विभागों को मासिक प्रगति रिपोर्ट देनी होगीं जिन स्कीमों को फ्लैगशिप स्कीम के दायरे में लाया गया है, उनमें **जल जीवन मिशन** भी शामिल हैं

000

राजस्थान पुलिस के 40 अधिकारियों और कर्मचारियों को उत्कृष्ट सेवा के लिए 'मुख्यमंत्री सराहनीय सेवा पदक' से सम्मानित किया जाएगां इस साल से राज्य में पहली बार इन पदकों की शुरूआत की गयी हैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सेवा पदक की मंजूरी पर कहा कि इससे पुलिसकार्मिकों का मनोबल बढ़ेगां सेवा पदक से नवाजे जाने वाले आईपीएस अधिकारियों में मालिनी अग्रवाल, प्रफुल्ल कुमार, प्रीति चंद्रा और राशि डोगरा शामिल हैं इसके साथ ही सात आरपीएस अधिकारियों और पुलिस निरीक्षक से कांस्टेबल स्तर के 29 कार्मिकों को इन पदकों के लिए चुना गया हैं राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस पर ये सेवा पदक प्रदान किये जाएंगें

000

शिक्षा और पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने कल बारां में बर्तन बैंक योजना की शुरूआत कीं ग्रामीण क्षेत्रों में प्लास्टिक के उपयोग को कम करने और पर्यावरण संरक्षण को बढावा देने के लिए ये योजना शुरू की गयी हैं इसके तहत शादी और अन्य सामाजिक आयोजनों के लिए ग्राम पंचायतों से बर्तन सेट किराए पर लिए जा सकेंगें योजना के पहले चरण में जिले की 24 ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया हैं

..........

पंचायती राज मंत्री ने ग्राम पंचायतों में साफ–सफाई पर विशेष ध्यान देने की बात कहीं उन्होंने मिशन हरियालो राजस्थान के तहत वर्ष 2025–26 में दस करोड़ पौधे लगाने का संकल्प भी दोहरायां

000

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने कहा है कि राज्य सरकार हर व्यक्ति को पीने का साफ पानी उपलब्ध कराने के लिए संकल्पबद्ध हैं श्री चौधरी कल उदयपुर में पेयजल योजनाओं की समीक्षा बैठक में बोल रहे थें इस दौरान उदयपुर, राजसमंद और सलूम्बर जिलों में समर प्लान की प्रगति पर चर्चा की गयीं

वहीं, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत कल बांसवाडा जिले के दौरे पर रहें उन्होंने बागीदौरा पंचायत समिति के धौलाखेरिया गांव में माही अपर हाई लेवल कैनाल परियोजना के टनल निर्माण कार्य का शिलान्यास कियां इस अवसर पर जनजातिय क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी भी मौजूद रहें

000

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के असर से बीती रात राजधानी जयपुर सहित कई स्थानों पर आंधी और बारिश का दौर चलां इससे तापमान में गिरावट आईं सवाईमाधोपुर में भी मौसम का मिज़ाज बदला और तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश हुईं करौली में अंधड़ के साथ बूंदाबांदी हुईं कहीं–कहीं ओले भी गिरें दौसा में देर शाम रिमझिम बारिश का दौर चलां कई जगह ओले भी गिरें नागौर जिले में तूफानी बारिश के बाद भदवासी, ढूंढिया और कंवलीसर सहित कई गांवों में ओले गिरें

हमारे संवाददाता ने बताया कि इससे फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका हैं

..........

मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि अगले 4–5 दिन राज्य में मौसम शुष्क रहने के आसार हैं इसके साथ ही तापमान में 3 से 4 डिग्री बढ़ोतरी होने की संभावना हैं जैसलमेर और सीमावर्ती क्षेत्रों में 15 अप्रेल से हीटवेव चल सकती हैं

000

कोटा से उज्जैन के लिए नई रेलसेवा की शुरूआत हो रही हैं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज रात कोटा रेलवे स्टेशन से इसका शुभारंभ करेंगें ये ट्रेन कोटा से दिल्ली, इंदौर और उज्जैन के बीच चलेगीं नई तकनीक से बने आधुनिक कोचों के साथ ये ट्रेन यात्रियों को आराम दायक सफर का अनुभव करवाएगीं उधर, जोधपुर से चेन्नई के बीच भी जल्द एक नई ट्रेन चलेगीं ये रेल भगत की कोठी स्टेशन से पाली मारवाड़ और आबू के रास्ते चेन्नई जाएगीं

000

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि राज्यपालों द्वारा राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए भेजे गए राज्य विधेयकों पर राष्ट्रपति को तीन माह के भीतर फैसला करना चाहिएं न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति महादेवन की पीठ ने अपने फैसले में कहा कि इसमें देरी होने के वैध कारण को संबंधित राज्य के साथ साझा किया जाना चाहिएं पीठ ने तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन. रवि के दस लंबित विधेयकों पर मंजूरी नहीं देने के फैसले को खारिज कर दियां

पीठ ने कहा कि राष्ट्रपति को भी राज्यपालों की ओर से भेजे गए विधेयकों पर निर्णय लेने में तीन महीने से अधिक समय नहीं लेना चाहिएं अगर निर्धारित समय सीमा के भीतर कोई कार्रवाई नहीं की जाती है, तो राज्यों को अदालत में जाने का अधिकार हैं

न्यायालय ने स्पष्ट किया कि अगर संवैधानिक कारणों से कोई विधेयक रोका जाता है, तो अनुच्छेद 143 के अन्तर्गत राष्ट्रपति को सर्वोच्च न्यायालय से परामर्श लेना चाहिएं

000

करौली जिले की अहिंसा नगरी श्रीमहावीर जी में चल रहे वार्षिक मेले में आज रथ यात्रा निकाली जा रही हैं इसमें देशभर से आए जैन धर्मावलंबी हिस्सा ले रहे हैं हमारे संवाददाता ने बताया कि धार्मिक आयोजन के प्रति लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा हैं

............

करौली की प्रसिद्ध शक्तिपीठ केलादेवी का मेला आज सम्पन्न हो गयां इसमें देशभर से लाखों श्रद्धालओं की आवक हुई उधर, चूरू के सालासर बालाजी धाम पर हनुमान जयंती के अवसर पर लगा लक्खी मेला भी आज सुबह विशेष आरती के साथ सम्पन्न हुआं

000

बैसाखी का त्योहार आज हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा हैं यह धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं इसी दिन खालसा पंथ की स्थापना हुई थीं बैसाखी से ही किसान फसलों की कटाई भी शुरू करते हैं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने खुशहाली के पर्व बैसाखी की शुभकामनाएँ दी हैं

000